भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-299
उत्तर देने की तारीख-05/02/2024

कार्यरत केंद्रीय विश्वविद्यालय

+299. श्री एंटो एन्टोनी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास विगत दस वर्षों के दौरान देश में स्वीकृत की गई और कार्यरत केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की संख्या के संबंध में कोई आंकड़े हैं;
(ख) यदि हां, तो विगत दस वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान देश में स्वीकृत और कार्यरत केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) प्रत्येक केन्द्रीय विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षण और गैर-क्षण कर्मचारियों के कुल पदों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) प्रत्येक केन्द्रीय विश्वविद्यालय में कुलपति, अध्यापकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों सहित रिक्त पड़े पदों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (घ): जी हाँ। केंद्रीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों की स्थापना आवश्यकतानुसार क्षेत्र के अन्य संस्थानों को अकादमिक अग्रता प्रदान करने वाले गति निर्धारक संस्थानों के रूप में अधिक कार्य करने की दृष्टि से की गई है। राष्ट्रीय विकास परिषद (एन एडीसी) द्वारा अनुमोदित 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-2012) में उन राज्यों में एक-एक केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की परिकल्पना की गई थी, जहां उस समय तक कोई केंद्रीय विश्वविद्यालय नहीं था। तदनुसार, विभिन्न वंचित राज्यों में कई केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित किए गए ।

पिछले दस वर्षों के दौरान शिक्षा मंत्रालय के कार्य क्षेत्र में निम्नलिखित केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं:

क्रं. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय का नाम	स्थापना का वर्ष	केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षण स्टाफ के कुल पदों की संख्या	केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत गैर-शिक्षण कर्मचारियों के कुल पदों की संख्या	केंद्रीय विश्वविद्यालयों में रिक्त शिक्षण पदों की संख्या	केंद्रीय विश्वविद्यालयों में रिक्त गैर-शिक्षण पदों की संख्या	केंद्रीय विश्वविद्यालयों में रिक्त कुलपति के पद
1	बिहार	महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय	2016	111	10	29	62	भरा हुआ
क्रं. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय का नाम	स्थापना का वर्ष	केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षण स्टाफ के कुल पदों की संख्या	केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत गैर-शिक्षण कर्मचारियों के कुल पदों की संख्या	केंद्रीय विश्वविद्यालयों में रिक्त शिक्षण पदों की संख्या	केंद्रीय विश्वविद्यालयों में रिक्त गैर-शिक्षण पदों की संख्या	केंद्रीय विश्वविद्यालयों में रिक्त कुलपति के पद
2	आंध्र प्रदेश	केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश	2019	18	11	0	1	भरा हुआ
3	आंध्र प्रदेश	केंद्रीय विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश	2019	13	6	3	3	भरा हुआ
4	आंध्र प्रदेश	राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय	2020	100	101	9	3	भरा हुआ
5	दिल्ली	केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय	2020	242	246	16	59	भरा हुआ
6	दिल्ली	श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय	2020	111	111	28	25	भरा हुआ
7	लद्दाख	सिंधु केंद्रीय विश्वविद्यालय	2022	एन ए	एन ए	एन ए	एन ए	रिक्त
8	तेलंगाना	सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय	2023	एन ए	एन ए	एन ए	एन ए	रिक्त

टिप्पणी:-(i) सिंधु केंद्रीय विश्वविद्यालय के संबंध में, विश्वविद्यालय के दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए, विश्वविद्यालय वर्ष 2023-24 से अस्थायी परिसर से अपने

मैंटर संस्थानों-आईआईटी कानपुर और आईआईटी मद्रास के शैक्षणिक अवसंरचना के साथ चलाया जा रहा है।

(ii) भारत के राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 17.12.2023 को सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना केंद्रीय विश्वविद्यालय संशोधन अधिनियम 2023 के तहत की गई है, तथा यह दिनांक 24.01.2024 से चालू हो गया है।

*****